दिन–शनिवार दिनांक– 21 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. सारण जिले के सोनपुर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का होगा निर्माण। दरियापुर चंवर क्षेत्र में वर्ष दो हजार तीस तक बनकर होगा तैयार।

02. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– बिहार पुलिस में साठ हजार से अधिक पदों पर होगी नियुक्ति। बिहार औद्योगिक सुरक्षा बल और अभया ब्रिगेड की होगी स्थापना।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मोंथा तूफान और बाढ़ के कारण हुई फसल क्षति के लिए आज दो लाख किसानों के बैंक खाते में सहायता राशि अंतरित करेंगे।

04. और, राज्य सरकार ने स्पष्ट किया– प्राकृतिक अपदाओं और सर्पदंश से होने वाली मौत में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही सहायता राशि दी जायेगी।

———————————————————

सारण जिले के सोनपुर में नया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाया जाएगा। हवाई अड्डा के लिए राज्य मंत्रिमंडल ने चार हजार दो सौ अठाईस एकड़ जमीन अधिग्रहण को प्रशासनिक मंजूरी दी है। पूर्वी भारत के पहले और देश के पांचवें बड़े ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के लिए एक हजार तीन सौ दो करोड़ रुपये की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह हवाई अड्डा हाजीपुर–डुमरिया के बीच दरियापुर चंवर क्षेत्र में बनेगा। इसे वर्ष दो हजार तीस तक तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

केन्द्र सरकार ने आम बजट में सोनपुर में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाने की सैद्धांतिक स्वीकृति दी थी। यह परियोजना राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ ही उत्तर बिहार और आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी। नेपाल, भूटान और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए यह हवाई अड्डा अन्तरराष्ट्रीय हब के रूप में उभरेगी। सोनपुर में एयरपोर्ट के निर्माण से निवेश, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे। स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी ने कहा है कि यह दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा हवाई अड्डा होगा। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह हवाई अड्डा, दिल्ली, नवी मुम्बई समेत कई हवाई अड्डों से बड़ा होगा। आकाशवाणी समाचर के लिए छपरा से पवन कुमार सिंह।

———————————————————

बिहार पुलिस में साठ हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति होगी। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा में गृह विभाग के बजट अनुदानों पर चर्चा का जवाब देते हुये यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष मार्च महीने तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

–––बाईट–––

श्री चौधरी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए अलग अभया ब्रिगेड का गठन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल पुलिसकर्मी पुलिस दीदी के नाम से जानी जायेंगी। श्री चौधरी ने कहा कि उद्योग धंधों की सुरक्षा के लिए केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तर्ज पर बिहार औद्योगिक सुरक्षा बल का गठन होगा।

———बाईट———

श्री चौधरी ने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस बलों के आधुनिकीकरण के साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी प्रयोग होगा।

———————————————————————————

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में एक हजार छिहत्तर पदों पर नियुक्ति होगी। विभागीय मंत्री मोहम्मद जमा खान ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, निम्नवर्गीय लिपिक और छात्रावास प्रबंधक के पदों पर नियुक्ति की जायेगी।

———बाईट———

———————————————————————————

प्रदेश में प्राकृतिक अपदाओं और सर्पदंश से होने वाली मौत में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही मृतक के निकटतम परिजनों को अनुग्रह अनुदान प्रदान किया जायेगा। विधानसभा में एक तारांकित प्रश्न के उत्तर में प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार ने यह जानकारी दी।

———————————————————————————

विधानसभा में शून्यकाल के दौरान उठाये जाने वाले जनहित के सवाल अब ऑनलाईन लिये जायेंगे। सोमवार से यह सेवा प्रभावी हो जायेगी। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शून्यकाल की सूचनाएं अब निर्धारित समय–सीमा के भीतर अधिकृत ऑनलाईन पोर्टल नेवा के माध्यम से ही प्रेषित की जा सकती है।

———————————————————————————

नेपाल के मधेश प्रदेश जनकपुरधाम के विधानसभा में बिहार विधानसभा की तर्ज पर पुस्तकालय की स्थापना होगी। नेपाल विधानसभा अध्यक्ष राम आशीष यादव ने बिहार विधानसभा पुस्तकालय के भ्रमण के बाद पटना में संवाददाताओं को यह जानकारी दी। इससे पहले उन्होंने बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार से

मुलाकात की। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंध, संसदीय परंपराओं और आपसी सहयोग को लेकर चर्चा हुई।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पिछले वर्ष मोंथा तूफान के कारण हुई अतिवृष्टि और बाढ़ के चलते हुई फसल क्षति के लिए आज किसानों के बैंक खाते में एक सौ करोड़ रूपये से अधिक की राशि अंतरित करेंगे। यह राशि कृषि इनपुट अनुदान योजना के तहत दी जायेगी। श्री कुमार दो लाख से अधिक किसानों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से यह राशि भेजेंगे।

————————————————————————

केन्द्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने इंडिया एआई एम्पैक्ट समिट में विभिन्न स्टार्टअप और टेक कम्पनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर बिहार में निवेश की सम्भावनाओं पर चर्चा की। श्री चौधरी ने कहा कि बिहार अब पारंपरिक विकास मॉडल से आगे बढ़कर तकनीक आधारित विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य अब निवेशकों के लिए सुरक्षित और सम्भावनाओं से भरे स्थान के रूप में विकसित हो रहा है।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 131वां संस्करण होगा। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी यह उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

————————————————————————

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा आज टेटनस और डिप्थीरिया टीकाकरण का शुभारंभ करेंगे। यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश के कसौली स्थित केंद्रीय अनुसंधान संस्थान में आयोजित किया जाएगा। यह टेटनस और डिप्थीरिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। टेटनस

और डिप्थीरिया टीका देश की जन स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने और टीकाकरण कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में काफी अहम है।

———————————————————————

प्रदेश के विभिन्न शहरों में आवारा कुत्तों और अन्य पशुओं से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पेट्रोलिंग टीम का गठन किया है। पथ निर्माण विभाग ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में प्रत्येक प्रमंडल में इस टीम का गठन किया है। यह टीम आवारा पशुओं की पहचान कर उसे सुरक्षित स्थानों पर भेजने की व्यवस्था करेगी।

———————————————————————

गया जिले के लटुआ थाना क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में सीआरपीएफ ने सर्च अभियान चलाकर भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया। इस दौरान एक सौ पचहत्तर इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, अमोनियम नाईट्रेट और एक हजार मीटर कॉर्डेक्स वायर बरामद किये गये। बम विस्फोटक दस्ते की मदद से सभी विस्फोटकों को नष्ट कर दिया गया।

———————————————————————

सिवान जिले के तितरा बाजार के पास उत्पाद विभाग की टीम ने वाहन जांच के दौरान एक ट्रक से एक करोड़ इक्कीस लाख रूपये मूल्य की शराब बरामद की है। मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, मुंगेर जिले के संग्रामपुर बाजार स्थित आम्बेडकर चौक के पास पुलिस ने एक हाईवा से चार सौ छिहत्तर कार्टन शराब के साथ चालक और खलासी को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरी तरफ, पटना के चौक थाना क्षेत्र के मोर्चा रोड स्थित एक मकान में पुलिस ने छापेमारी कर दस लाख रूपये मूल्य की शराब बरामद की है।

———————————————————————

पटना जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर में पुलिस ने छापेमारी कर हथियार और शराब तस्करी में शामिल दो भाईयों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पिस्तौल, मैगजीन, गांजा और शराब बरामद की गयी है।

———————————————————————

मुंगेर जिले के कुख्यात ईनामी अपराधी चंदन यादव को एसटीएफ और जिला आसूचना इकाई की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी की पुलिस को कई मामलों में तलाश थी।

———————————————————————

बक्सर जिले के डुमराँव प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित बुनियाद केंद्र में संबल योजना के तहत आयोजित शिविर में तेईस दिव्यांगों के बीच बैट्री चालित ट्राईसाईकिल का वितरण किया गया।

———————————————————————

मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थान में पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय 'सिंहेश्वर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————

आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप में सुपर आठ चरण आज से शुरू हो रहा है। सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड का सामना पाकिस्तान से कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में होगा। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार शाम सात बजे शुरू होगा। वहीं, भारत सुपर आठ में अपना पहला मैच कल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेलेगा।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है— कैबिनेट का फैसला, सोनपुर में अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण होगा।

दैनिक जागरण ने लिखा है— अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का निर्णय— दुनिया के देशों पर ट्रम्प टैरिफ अवैध।

प्रभात खबर ने एआई इम्पैक्ट समिट से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है— मजबूत डेटा गवर्नेंस और दुष्प्रचार के प्रति सावधानी जरूरी—प्रधानमंत्री।

दैनिक भास्कर ने लिखा है— अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में एक हजार छिहत्तर पदों पर होगी बहाली।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं— एक अप्रैल से एनएच पर बंद हो सकता है कैश पेमेंट, पूरी तरह डिजिटल टोल सिस्टम लागू करने की योजना।

आज अखबार ने चिराग पासवान के बयान को प्रमुखता देते हुये लिखा है— मेरी मां सक्रिय राजनीति में नहीं आना चाहतीं।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. सारण जिले के सोनपुर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का होगा निर्माण। दरियापुर चंवर क्षेत्र में वर्ष दो हजार तीस तक बनकर होगा तैयार।

02. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– बिहार पुलिस में साठ हजार से अधिक पदों पर होगी नियुक्ति। बिहार औद्योगिक सुरक्षा बल और अभया ब्रिगेड की होगी स्थापना।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मोंथा तूफान और बाढ़ के कारण हुई फसल क्षति के लिए आज दो लाख किसानों के बैंक खाते में सहायता राशि अंतरित करेंगे।

04. और, राज्य सरकार ने स्पष्ट किया– प्राकृतिक अपदाओं और सर्पदंश से होने वाली मौत में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही सहायता राशि दी जायेगी।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।